# अजमेर में राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी



श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेसजनों ने राजेश पायलट की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया।

- पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प
- गरीबों और मजदूरों के हितों के लिए किए गए कार्यों को किया याद

**अजमेर, ( निसं )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय राजेश पायलट की 26वीं पुण्यतिथि पर गुरूवार को अजमेर में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया तथा उनके आदर्शों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित विजय जैन, द्रोपदी कोली व सुनिल लारा सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय राजेश पायलट देश के उन चुनिंदा नेताओं में शामिल थे जिन्होंने हमेशा किसानों, मजदूरों, गरीबों और आमजन की आवाज को मजबूती से उठाया। उन्होंने अपना पूरा राजनीतिक जीवन जनसेवा और कांग्रेस संगठन को समर्पित कर दिया। उनके सरल स्वभाव, ईमानदार कार्यशैली और जनता के प्रति समर्पण के कारण वे आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं।

वक्ताओं ने कहा कि राजेश पायलट ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, सामाजिक न्याय और आम नागरिकों के अधिकारों की लड़ाई को हमेशा प्राथमिकता दी।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय राजेश पायलट को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन और राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें गरीबों, किसानों और मजदूरों का सच्चा हितैषी बताया।

कार्यक्रम अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजेश पायलट जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ. राजकुमार जयपाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय राजेश पायलट जी केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि किसानों, युवाओं, मजदूरों और आमजन की बुलंद आवाज थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, सामाजिक न्याय और जनहित के लिए संघर्ष करते हुए बिताया। उनका संघर्षमय जीवन, सादगी और जनसेवा की भावना आज भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्वर्गीय राजेश पायलट जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने एवं जनसेवा के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पीसीसी सचिव सुनील लारा, महेंद्र चौधरी, फकरे मोईन, प्रताप यादव, हरिसिंह गुर्जर, रेणु मेघवंशी, अमित गर्ग, श्याम प्रजापति, अंकुर त्यागी, कमल वर्मा,गजेंद्र सिंह, ईश्वर टहलयानी, चंद्रशेखर, अतुल, शैलेंद्र अग्रवाल, वाहीद, लक्ष्मी, चंदन सिंह, लक्ष्मी बुंदेल, देशराज मेहरा, शक्ति सिंह रलावता, अहमद हुसैन, सुनील केन, विजय नागोरा, सुमित मित्तल चंद्रेश सुनिया, राजेन्द्र, शेरू, शैलेश गुप्ता, वसीम खान, आरिफ खान, डॉ ईश्वर राजोरीया, अभिषेक सैमसन, मनीष सेन सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गोवलिया व तिलोरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**अजमेर/ पुष्कर, ( निसं )।** पुष्कर क्षेत्र के ग्राम गोवलिया एवं तिलोरा में स्थित गोचर भूमि को उद्यान विभाग व बीज गोदाम के नाम किए जाने पर के निर्णय को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से यह भूमि गांव के पशुओं के चरने तथा गौवंश संरक्षण के लिए उपयोग में ली जाती रही है, ऐसे में इसका स्वरूप बदलना ग्रामीण हितों के विपरीत है।

समुन्दर सिंह रावत, निवर्तमान सरपंच व मदन सिंह रावत सहित ग्रामीणों ने बताया कि आयोजित समस्या समाधान शिविर में पहुंचकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और गोचर भूमि को अन्य विभाग के नाम करने की प्रक्रिया को तत्काल निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में गाय एवं अन्य पशु हैं, जिनके लिए गोचर भूमि अत्यंत आवश्यक है। यदि इस भूमि का उपयोग अन्य कार्यों के लिए किया गया तो पशुपालकों और गौवंश को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि उक्त भूमि को पुनः गोचर भूमि के रूप में सुरक्षित रखा जाए तथा वहां गौशाला के निर्माण की योजना बनाई जाए। उनका कहना है कि क्षेत्र में आवारा एवं निराश्रित गौवंश की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिसके लिए स्थायी व्यवस्था की आवश्यकता है। गोचर भूमि पर गौशाला बनने से गौवंश को आश्रय मिलेगा और किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान में भी कमी आएगी।


**NAME CHANGE**

I Army No. 15205165Y Rank-HAV Name- TEER SINGH Serving in Indian Army I have changed my Daughter Name in my Army service record from HEMANSHI to HIMANSHI Vide Affidavit No. CH 906091 Before Court Nasirabad

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी / अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की अजमेर विकास प्राधिकरण की योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 813, कोटड़ा योजना, अजमेर, क्षेत्रफल 213.33 वर्ग गज के आवंटी श्री मोहन सिंह पुत्र/पुत्री/पत्नि श्री स्व. श्री बन्ना सिंह निवासी ग्राम बोराज, अजमेर की मृत्यु दिनांक 16.08.25 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत दिनांक 17.09.24) सलग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री अजय रावत पुत्र श्री मोहन सिंह रावत निवासी ग्राम बोराज, फाय सागर रोड, अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

- योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान**

क्रमांक- न.प.कि./कृषि भूमि नियमन/2026/375 — आम सूचना — दिनांक: 11-06-26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम किशनगढ़-बी खसरा 155/1/2 भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 350.00 वर्गगज का आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां/मय साक्ष्य/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

| क्र. सं. | प्रार्थी का नाम | राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं. व क्षेत्रफल | प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री फकरूद्दीन पुत्र श्री शकूर मोहम्मद निवासी ढाणी रोड वार्ड नम्बर 02 मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर | किशनगढ़-बी 155/1/2 350.00 वर्गगज | आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु |

- आयुक्त, नगर परिषद किशनगढ़

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक- न.पा.बि./निमार्ण स्वी./2026/1077 — आम सूचना — दिनांक:09-06-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 30 | हनीफ मोहम्मद पुत्र साबुद्दीन | फ्रेन्डस कॉलोनी ग्राम बरल द्वितीय ख.सं. 1138/8 भू.सं. 21 का दक्षिणी हिस्सा | 52.73 SQ.MTR | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.**

गांधी उद्यान -ब्यावर रोड, बिजयनगर

टैलीफोन नम्बर 01462-230051 — ई-मेल :-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक न.पा.वि/भूमि/2026/1108 — आम सूचना — दिनांक : 10.6.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगें। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो मय दस्तावेजो / प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं | आवेदक क्रमांक | आवेदक का नाम | योजना/ग्राम का नाम | खसरा सं. | भू.सं | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | LD/VJNR/ 2026-27/365342 | सुमन बागरिया पत्नी शिवाराम | गीता कॉलोनी बिजयनगर | 496 | 07 | 116.13 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.**

गांधी उद्यान -ब्यावर रोड, बिजयनगर

टैलीफोन नम्बर 01462-230051 — ई-मेल :-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक न.पा.वि/भूमि/2026/963 — आम सूचना — दिनांक : 4.6.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगें। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो मय दस्तावेजो / प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं | आवेदक क्रमांक | आवेदक का नाम | योजना/ग्राम का नाम | खसरा सं. | भू.सं | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | LD/VJNR/ 2026-27/362731 | सबीना बानो पुत्री रमजान खान | राजीव कॉलोनी बिजयनगर | 98, 99 100, 101 | 06 | 158.86 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक- न.पा.बि./निमार्ण स्वी./2026/1140 — आम सूचना — दिनांक:11-06-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 31 | मैसर्स कमला कंस्ट्रक्शन जरिये भागीदार श्री संजीव कुमार पुत्र कन्हैयालाल कोठारी | हरि ओम नगर बिजयनगर ख.सं. 47/2/2, व 48/590 भू.सं. 27 का पूर्वी हिस्सा | 76.64 SQ.MTR | आवासीय |
| 32 | मैसर्स कमला कंस्ट्रक्शन जरिये भागीदार श्री संजीवकुमार पुत्र कन्हैयालाल कोठारी | हरि ओम नगर बिजयनगर ख.सं. 47/2/2, व 48/590 भू.सं. 28 का पूर्वी हिस्सा | 76.64 SQ.MTR | आवासीय |
| 33 | मैसर्स कमला कंस्ट्रक्शन जरिये भागीदार श्री संजीवकुमार पुत्र कन्हैयालाल कोठारी | हरि ओम नगर बिजयनगर ख.सं. 47/2/2, व 48/590 भू.सं. 27 का पूर्वी हिस्सा में से पूर्वी हिस्सा व भू.सं. 28 का पश्चिमी हिस्सा | 76.64 SQ.MTR | आवासीय |
| 34 | महावीर प्रसाद नायक पुत्र मांगू लाल नायक | रियलिस्टिक रॉयल टाऊन ग्राम बाडी बिजयनगर ख.सं. 475 भू.सं. 27 का दक्षिणी हिस्सा व भू.सं. 28 का उत्तरी हिस्सा | 92.90 SQ.MTR | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय ग्राम गांगवा पंचायत समिति परबतसर (डीडवाना-कुचामन)**

क्रमांक : ग्रा.पं./2025-26/28 — दिनांक :05.06.2026

खुली ई-निविदा सूचना-02/2026-27

ग्राम पंचायत गांगवा में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियम 181 के तहत पंचायतीराज विभाग, सार्व. निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा. अभि.विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संघठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से खुली ई-निविदा प्रक्रिया द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती है। खुली ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्कों की राशि व जमा करवाने का माध्यम तथा अन्य शर्तें एवं ई-निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि तथा अन्य विस्तृत विवरण ग्राम पंचायत गांगवा मुख्यालय में कार्यालय समय में एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in)पर अवलोकन की जा सकती है।

NIB -PMJ2627A0099

UBN-PMJ2627WSOB00100

प्रशासक, ग्राम पंचायत गांगवा, पंचायत समिति परबतसर (डीडवाना-कुचामन) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत गांगवा, पंचायत समिति परबतसर (डीडवाना-कुचामन)

**कार्यालय ग्राम पंचायत रूपाहेली पंचायत समिति हुरडा, जिला भीलवाड़ा**

क्रमांक : ग्रापंरू/निविदा/2026-27/24 — दिनांक :05.06.2026

ई-निविदा सूचना 2026-27/01


पंचायत समिति हुरड़ा की अधिनस्थ ग्राम पंचायत रूपाहेली में वर्ष 2026-27 हेतु SBM-G नियमित सफाई कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में विभिन्न राजकीय एवं मान्यता प्राप्त पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित कि जाती है जिसका विस्तृत विवरण WWW.SPPP.RAJASTHAN.GOV.IN एवं WWW.EPROC.RAJASTHAN.GOV.IN पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

NIB No - ZBL2627A0348

UBN NO- ZBL2627WSOB00600

प्रशासक, ग्राम पंचायत रूपाहेली पं.स. हुरड़ा,जिला भीलवाड़ा — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रूपाहेली पं.स. हुरड़ा,जिला भीलवाड़ा


## दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान आदिनाथ की प्रतिमा विराजमान



सिटी रोड स्थित मंदिर में भगवान आदिनाथ प्रभु की 11 फीट ऊंची पाषाण प्रतिमा की भव्य स्थापना एवं विराजमान समारोह श्रद्धापूर्वक हुआ।

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। सिटी रोड स्थित निर्माणाधीन आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भक्तिमय वातावरण के साथ भगवान आदिनाथ प्रभु की 11 फीट ऊंची पाषाण प्रतिमा की भव्य स्थापना एवं विराजमान समारोह श्रद्धापूर्वक हुआ। आर के कम्युनिटी सेंटर से निकाली गई भगवान आदिनाथ प्रभु की प्रतिमा की मंगल अगवानी यात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्ति गीतों और जयकारों के बिच यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए निर्माणाधीन मंदिर परिसर पहुंची, जहां विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक अनुष्ठान के साथ नव-निर्मित दिव्य वेदी व नव-निर्मित कमलासन पर भगवान आदिनाथ प्रभु की प्रतिमा को विधिपूर्वक विराजमान किया। पावन अवसर पर मौजूद जैन समाज के सैकड़ो श्रद्धालूओ ने पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि के लिये मंगल कामना की। मंदिर परिसर में प्रमुख भामाशाह आर के मार्बल ग्रुप चेयरमैन अशोक कुमार, सुरेश, विमल, विकास पाटनी, जैन समाज अध्यक्ष प्रकाश चंद गंगवाल, समाजसेवी राकेश, सुभाष, प्रवीण, सुशील, विनोद, प्राणेश सहित बड़ी संख्या में सकल दिगंबर जैन समाज बंधु मौजूद रहे।


**आम सूचना**

मेरी पत्नी गीता देवी जाति रेगर का स्वर्गवास दिनांक 27 दिसम्बर 2007 को मेरे निवास स्थान पानी की टंकी के पास शास्त्रीनगर, मदनगंज- किशनगढ़ जिला अजमेर पर हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

-प्रार्थी- भंवरलाल पुत्र किशनलाल

**NAME CHANGE**

I KUSUMLATA is Wife of Army No. 15205165Y Rank- HAV Name- TEER SINGH Serving in Indian Army That I have changed my Name in my Husband Army service record from KUSUMLATA to KUSUM LATA Vide Affidavit No. CH 906086 Before Court Nasirabad

**NAME CHANGE**

I CHATARPAL SINGH Father of Army No. 15205165Y Rank- HAV Name- TEER SINGH Serving in indian Army I have changed my Name in my Son Army service record from CHATARPAL SINGH to CHHATARPAL SINGH Vide Affidavit No. CH 906088 Before Court Nasirabad

**NAME CHANGE**

I Army No. 15205165Y Rank- HAV Name- TEER SINGH Serving in indian Army I have changed my Daughter Name in my Army service record from KUMARI KIRAN to KIRAN DEVI Vide Affidavit No. CH 906089 Before Court Nasirabad

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी भागीदारी फर्म M/s Geeta Marble Industries Add. Khasra No. 209/3, P.O. Mordi (Roopangarh) Teh. Kishangarh, Distt. Ajmer. जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक 17/01/238/2012 दिनांक 09/11/2012 है जिसमें तीन (3) साझेदार हैं श्री चैना राम बुगालिया पुत्र श्री मेहराम राम बुगालिया, 2. श्री मोहित बुगालिया पुत्र श्री मेहराम राम बुगालिया, 3 श्रीमति किरण चौधरी पत्नी प्रेमा राम। अब सभी साझेदार आपसी सर्वसम्मति से श्रीमति किरण चौधरी पत्नी प्रेमा राम ने स्वेच्छा से रिटायरमेंट ले लिया है उक्त परिवर्तन दिनांक 02/06/2026 से प्रभावी है। उक्त नये साझेदार के प्रवेश पर आम आदमी व वितीय संस्थान, बैंक या अन्य संस्थान को किसी भी तरह की कोई आपति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म कार्यालय अजमेर में सूचित करें अन्यथा बाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नहीं होगी।

-सुचितकर्ता चैनाराम बुगालिया (साझेदार)


## हांगकांग में कुंदन सिंह को अंतरराष्ट्रीय 'साहित्य संचय काव्य सम्मान' मिला



हांगकांग में आयोजित अंतराष्ट्रीय साहित्यिक संगोष्ठी में कुंदन सिंह को कुंदन सिंह को 'साहित्य संचय काव्य सम्मान' से सम्मानित किया गया।

**अजमेर, ( निसं )।** हांगकांग में आयोजित अंतराष्ट्रीय साहित्यिक संगोष्ठी में मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल की हिंदी विभागाध्यक्ष कुंदन सिंह को हिंदी भाषा, भारतीय संस्कृति और साहित्य के वैश्विक प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'साहित्य संचय काव्य सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें संगोष्ठी के दौरान प्रस्तुत की गई उनकी काव्य रचना के लिए प्रदान किया गया।

संगोष्ठी के दौरान उनकी चर्चित पुस्तक 'तेरे शहर में' का भी विधिवत विमोचन किया गया। कार्यक्रम में भारत सहित विभिन्न देशों और राज्यों से आए साहित्यकारों, शोधकर्ताओं और भाषा विशेषज्ञों ने भाग लिया।

आयोजन के अंतर्गत शोधपत्र वाचन, काव्य गोष्ठी, साहित्यिक संवाद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कुंदन सिंह स्वतंत्र लेखन के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं और अब तक उनकी तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इससे पूर्व उन्होंने मॉरीशस में विश्व हिंदी सचिवालय द्वारा आयोजित हिंदी महोत्सव में भाग लेकर हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व किया था। उनकी इस उपलब्धि पर साहित्यिक जगत और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## एकादशी पर पुष्कर सरोवर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**पुष्कर( निसं )।** ज्येष्ठ अधिक मास की पावन एकादशी के मौके पर तीर्थराज पुष्कर के पवित्र सरोवर में गुरुवार सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया तथा भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अधिक मास में आने वाली एकादशी का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन पुष्कर सरोवर में स्नान, पूजन और परिक्रमा करने से पुण्य फलों की प्राप्ति होती है तथा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। एकादशी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। सरोवर के घाटों पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा।

# अजमेर में अस्थाई सफाई कर्मचारियों का नगर निगम के बाहर धरना-प्रदर्शन

**अजमेर, ( निसं )।** नगर निगम में कार्यरत अस्थाई सफाई कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने और श्रमिक हितों से जुड़ी मांगों को लेकर चल रहा आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। कर्मचारियों का धरना गुरूवार को 11वें दिन भी जारी रहा।

इस दौरान नगर निगम के पुराने भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर ताला लगाए जाने के बाद कर्मचारियों ने गेट के बाहर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया और निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले कई दिनों से अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान करने के बजाय प्रशासन उनके आंदोलन को दबाने का प्रयास कर रहा है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम प्रशासन ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय आंदोलनरत कर्मचारियों को ही निशाना बना रहा है।

विनोद गुजराती व सन्नी गोयर सहित अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग प्रतिदिन 500 रुपये के हिसाब से वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की है। उनका कहना है कि वर्तमान महंगाई के दौर में उन्हें मिलने वाला पारिश्रमिक परिवार के भरण-पोषण के लिए पर्याप्त नहीं है।

धरनारत कर्मचारियों ने बताया कि गुरूवार सुबह जब वे नगर निगम पहुंचे तो मुख्यद्वार पर ताला लगा हुआ मिला। साथ ही परिसर के बाहर पुलिस बल भी तैनात किया गया था। इसके चलते कर्मचारियों को निगम परिसर के भीतर बैठने की अनुमति नहीं मिली और उन्होंने गेट के बाहर ही धरना जारी रखा। कर्मचारियों ने इसे उनकी आवाज दबाने का प्रयास बताते हुए प्रशासन के रवैये पर नाराजगी जताई।

## शहरी सेवा शिविर में नागरिकों को मिलेगी राहत, लंबित प्रकरणों का होगा निस्तारण

**अजमेर, ( निसं )।** राज्य सरकार द्वारा नागरिकों को सरल, पारदर्शी और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहरी सेवा शिविर-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष अभियान 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक अजमेर विकास प्राधिकरण कार्यालय में संचालित होगा।

शिविर के माध्यम से लंबे समय से लंबित विभिन्न प्रकरणों के निस्तारण, भूखंडों के नियमितीकरण तथा अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में नागरिकों को विशेष रियायतें प्रदान की जाएंगी। अभियान के तहत बकाया पट्टा राशि एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज में 100 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी, जबकि निर्धारित श्रेणियों में बकाया पट्टा राशि पर 60 प्रतिशत तक राहत प्रदान की जाएगी। धारा 69-क के पट्टों के मामलों में पूर्व से लागू रियायती दरों को यथावत रखा गया है। इसके अलावा उपविभाजन और पुनर्गठन से जुड़े प्रकरणों में भी विशेष छूट का प्रावधान किया गया है।

शिविर अवधि के दौरान नामांतरण, पट्टाधारी से पूर्ण स्वामित्व, अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा उपविभाजन एवं पुनर्गठन के मामलों में मौके पर निरीक्षण की अनिवार्यता समाप्त रहेगी। सभी आवेदन ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे, जबकि ऑफलाइन प्राप्त आवेदन भी ऑनलाइन दर्ज किए जाएंगे।

प्रशासन ने बताया कि आपत्ति दर्ज कराने की अवधि को 15 दिनों से घटाकर 7 दिन कर दिया गया है, जिससे मामलों का शीघ्र निस्तारण संभव हो सकेगा। राज्य सरकार ने नागरिकों से इस विशेष अभियान का अधिकतम लाभ उठाने और अपने लंबित प्रकरणों का समयबद्ध समाधान कराने की अपील की है।

## अघोषित बिजली कटौती पर व्यापार महासंघ ने नाराजगी जताई

**अजमेर, ( निसं )।** शहर में भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर अजमेर शहर व्यापार महासंघ ने गहरी नाराजगी जताई है। महासंघ का कहना है कि बार-बार होने वाली विद्युत आपूर्ति बाधित होने से आमजन के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं।

महासंघ के अध्यक्ष किशन गुप्ता तथा प्रवक्ताओं विकास अग्रवाल और कमल गंगवाल ने बताया कि पुरानी मंडी, नया बाजार, चूड़ी बाजार सहित कई क्षेत्रों में प्रतिदिन दो से ढाई घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रह रही है। इससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं गर्मी के कारण लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महासंघ पदाधिकारियों ने कहा कि बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारियों से लगातार संपर्क किए जाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। व्यापार महासंघ ने विद्युत विभाग और प्रशासन से शहर में निर्बाध एवं नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापारियों को आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## शहर में सर्वसमाज की रैली आज

**अजमेर, ( निसं )।** गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा प्रदान करने की मांग को लेकर मुस्लिम एकता मंच के तत्वावधान में शुक्रवार को सर्वसमाज रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली दोपहर 2:30 बजे दरगाह शरीफ के मुख्य द्वार के सामने से प्रारंभ होगी। आयोजकों के अनुसार रैली का उद्देश्य गो संरक्षण के प्रति जनजागरण करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना तथा विभिन्न समुदायों के बीच भाईचारे का संदेश देना है। इस आयोजन में अनेक सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। रैली में अजमेर व्यापारिक महासंघ, सर्वधर्म मैत्री संघ, नया नाला बाजार व्यापारिक संगठन, बंदूकिया समाज, मंसूरी समाज, पंचायत अंदरकोटियां, अंजुमन यादगार चिश्तिया शेखजादगान, पंचायत तारागढ़, कुरैशी समाज, लोहार समाज, अंदरकोट विकास समिति, सर्वधर्म समिति, कायमखानी समाज, सिलावट समाज, युवा घोसी समाज तथा रगतिया गली विकास समिति सहित अनेक संस्थाओं की सहभागिता रहेगी।

# विकास व जनकल्याण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा देश-प्रदेश : राजेन्द्र राठौड़



ब्यावर में भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड़ ने प्रेस को संबोधित किया।

**ब्यावर ( निसं )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में देश के ऐतिहासिक 12 वर्षों के सुशासन विकास, और जनविश्वास को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ ने प्रेस को संबोधित किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के जिला अध्यक्ष जीतमल प्रजापत मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री पवन जैन भाजपा के जिला महामंत्री अर्जुन नलिया भी उपस्थित थे। प्रेस को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि कि मोदी सरकार के 12 वर्ष "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मूलमंत्र को समर्पित रहे हैं। इसी मूलमंत्र को मोदी ने जन कल्याण का आधार बनाया है। मोदी सरकार के 12 वर्ष राष्ट्र निर्माण सुशासन और विकास के स्वर्णिम वर्ष रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनूठी कार्यसंस्कृति "ने देश को अभूतपूर्व गति दी है। आज मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं, जिन्हें 32 देशों द्वारा सर्वोच्च पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है,और वैश्विक सर्वे में उन्हें 75 अप्रूवल रेटिंग (दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता ) प्राप्त हुई है है। उन्होंने दुनिया के 15 देशों की संसदों को संबोधित करने का गौरव हासिल किया है।

वर्ष 2014 में जहाँ मात्र 8 राज्यों में एनडीए की सरकार थी, आज जनता के अटूट विश्वास से 22 राज्यों में भाजपा-एनडीए का सुशासन होना जनता के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है।श्री राठौड़ ने आर्थिक एवं रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बोलते हुए कहा कि आज भारत जापान को पछाड़ते हुए विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। वैश्विक संकटों के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 7.7 से अधिक की विकास दर हासिल की है। वर्ष 2014 में जो बुनियादी ढांचा खर्च मात्र 2 लाख करोड़ रुपये था, वह आज बढ़कर 12.2 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 67 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के जरिए आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया गया है। आज देश में 65 रक्षा उपकरण स्वदेशी हैं। रक्षा निर्यात 2014 के 686 करोड़ रुपये से बढ़कर आज 38,400 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है और दुनिया के 100 से अधिक देश भारत के स्वदेशी उपकरण खरीद रहे हैं। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से भारत के हर घर तक लाभ पहुँचा है। मोदी सरकार के प्रयासों से 24.8 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देकर गरीब कल्याण की मिसाल पेश की गई है। देश के 16 करोड़ और राजस्थान के 14.82 लाख से अधिक परिवारों को नल से जल मिला है और जनधन योजना के तहत 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए, जिनमें 32 करोड़ से अधिक महिलाओं के हैं। देश में 11 करोड़ और राजस्थान में 73 लाख महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिए गए हैं और राजस्थान सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना में 450 रुपये में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।